6 योजना/संरचना और परीक्षण की सामग्रीः

HTET में सभी प्रश्न बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे । प्रत्येक को 1 अंक दिया गया है। जिसमें 4 विकल्प दिए गए है, जिनमें से 1 उत्तर सही होगा। कोई नकारात्मक अंकन नहीं होगा। तीनों सत्रों के लिए विस्तृत योजना और संरचना नीचे दी गई है।

6.1 स्तर–1 कक्षा 1 से 5 तक प्राथमिक शिक्षक बनने के लिएः

केवल एक ही परीक्षा होगी। सभी प्रश्न बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे और प्रत्येक का एक अंक होगा। प्रत्येक प्रश्न के 4 विकल्प होंगे। जिसमें से एक विकल्प ठीक होगा।

प्राथमिक शिक्षक (पी.आर.टी. के लिए अंक योजना/संरचना)

बहुविकल्पीय प्रश्न – 150, परीक्षा की अवधि 2:30 घण्ट

क्र0स0		प्रश्न संख्या	अंक
1.	बालविकास और शिक्षा शास्त्र	30 MCQs	30 अंक
2.	भाषाएंः हिन्दी – 15 MCQs अंग्रेजो – 15 MCQs	30 MCQs	30 अंक
3.	सामान्य अध्ययनः मात्रात्मक योग्यता – 10 MCQs तर्क क्षमता – 10 MCQs हरियाणा G.K एवं जागरूकता – 10 MCQs	30 MCQs	30 अंक
4.	गणित	30 MCQs	30 अंक
5.	पर्यावरण अध्ययन	30 MCQs	30 अंक
कुल			150 अंक

प्रश्नों की प्रकृति एवं मानकः

- बाल विकास और शिक्षाशास्त्र पर परीक्षण सामग्री 6–11 वर्ष की आयु वर्ग के लिए प्रासंगिक शिक्षण सीखने के शैक्षिक मनोविज्ञान पर केन्द्रित होंगे।
- भाषाओं (हिन्दी और अंग्रेजो) की परीक्षण सामग्री शिक्षा के माध्यम से संबंधित दक्षताओं पर केन्द्रित होंगी।
- मात्रात्मक योग्यता तर्क क्षमता और हरियाणा G.K के लिए परीक्षण सामग्री और हरियाणा राज्य की जागरूकता भाषा के संबंध में मानसिक और तक क्षमता और सामान्य ज्ञान के तत्वों पर केन्द्रित रहेगी।
- गणित और पर्यावरण अध्ययन में परीक्षण प्रश्न अवधारणाओं, समस्या सुलझाने की क्षमताओं पर केन्द्रित होंगे। इन सभी विषय क्षेत्रों में परीक्षण शिक्षा विभाग, हरियाणा सरकार द्वारा कक्षा 1–5 के लिए निर्धारित उस विषय के पाठ्यक्रम के विभिन्न भागो में समान रूप से वितरित किया जाएगा।

- स्तर–1 के परीक्षणों में प्रश्न कक्षा 1–5 के लिए निर्धारित विषयों के पाठ्यक्रम पर आधारित होंगे, लेकिन उनके कठिनाई मानक व संबंध माध्यमिक स्तर तक हो सकते हैं।

योग्यता: अंक	अनुसूचित जाति और दिव्यांगों को छोड़ कर सभी श्रेणियों के लिए	60% (90 अंक)
	हरियाणा अधिवास/स्थायी निवास की अनुसूचित जाति और दिव्यांगों के लिए	55% (82 अंक)
	अन्य राज्यों के अनुसूचित जाति और दिव्यांगों के लिए	60% (90 अंक)

नकारात्मक अंकन:– परीक्षा में कोई नकारात्मक अंकन नहीं होगा।

6.2 स्तर–II (Level-2) कक्षा VI-VIII के लिए प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टी.जी.टी.) बनने के लिए:

केवल एक ही पेपर होगा। सभी प्रश्न बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे जिनमें चार विकल्पों में से एक विकल्प सही होगा और हर प्रश्न एक अंक का होगा।

प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टी.जी.टी.) के लिए योजना/सरंचना:
बहुविकल्पीय प्रश्नों की संख्या–150 परीक्षा अवधि: 02 घंटे 30 मिनट

क्र0स0		प्रश्न संख्या	अंक
1.	बालविकास और शिक्षा शास्त्र	30 MCQs	30 अंक
2.	भाषाएं: हिन्दी – 15 MCQs अंग्रेजी – 15 MCQs	30 MCQs	30 अंक
3.	सामान्य अध्ययन: मात्रात्मक योग्यता – 10 MCQs तर्क क्षमता – 10 MCQs हरियाणा G.K एवं जागरूकता – 10 MCQs	30 MCQs	30 अंक
4.	विकल्प के अनुसार विषय विशिष्ट	60 MCQs	60 अंक
कुल			150 अंक

प्रश्नों की प्रकृति एवं मानक:

- बाल विकास और शिक्षा शास्त्र से सम्बन्धित परीक्षण मद (Test Items) 11–16 वर्ष के आयु वर्ग के लिए शिक्षण व सीखने के शैक्षिक मनोविज्ञान पर केंद्रित होंगे। वे विविध छात्रों की विशेषताओं, आवश्यकताओं और मनोविज्ञान को समझने, शिक्षार्थियों के साथ बातचीत करने और सीखने के एक अच्छे सुविधाकर्ता की विशेषताओं और गुणों पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

- भाषाओं (हिंदी व अंग्रेजी) के परीक्षण मद (Test Items) 11–16 वर्ष के आयु वर्ग के लिए निर्देशन के माध्यम से सम्बन्धित दक्षताओं पर केंद्रित होंगे।
- मात्रात्मक योग्यता, तर्क क्षमता और हरियाणा का सामान्य ज्ञान और जागरूकता के लिए परीक्षण मद हरियाणा से सम्बन्धित मानसिक और तार्किक क्षमता और सामान्य ज्ञान के तत्वों पर केंद्रित होंगे।
- विषय विशेष में परीक्षण मद इन विषयों की अवधारणाओं, समस्या सुलझाने की क्षमताओं और शैक्षणिक समझ पर केंद्रित होंगे। परीक्षण मद को उस विषय के पाठ्यक्रम के विभिन्न प्रभागों में समान रूप से वितरित किया जाएगा जैसा कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा VI-X के लिए निर्धारित किया गया है।
- स्तर–2 की परीक्षा में प्रश्न हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के द्वारा कक्षा VI-X के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम के विषयों पर आधारित होंगे परन्तु उनका कठिनाई मानक व संबंध वरिष्ठ माध्यमिक स्तर के हो सकते हैं।

योग्यता: अंक	अनुसूचित जाति और दिव्यांगों को छोड़ कर सभी श्रेणियों के लिए	60% (90 अंक)
	हरियाणा अधिवास/स्थायी निवास की अनुसूचित जाति और दिव्यांगों के लिए	55% (82 अंक)
	अन्य राज्यों के अनुसूचित जाति और दिव्यांगों के लिए	60% (90 अंक)

नकारात्मक अंकन:– परीक्षा में कोई नकारात्मक अंकन नहीं होगा।

6.3 स्तर–3 स्नातकोत्तर शिक्षक

इस श्रेणी के लिए केवल एक पेपर होगा। सभी प्रश्न बहुविकल्पीय होंगे, जिनमें चार विकल्पों में से कोई एक विकल्प सही होगा और हर प्रश्न एक अंक का होगा।

स्नातकोत्तर शिक्षक के लिए योजना/संरचना:–
बहुविकल्पीय प्रश्नों की संख्या–150, परीक्षा अवधि: 02 घंटे 30 मिनट

क्र0स0		प्रश्न संख्या	अंक
1.	बालविकास और शिक्षा शास्त्र	30 MCQs	30 अंक
2.	भाषाएं: हिन्दी – 15 MCQs अंग्रेजी – 15 MCQs	30 MCQs	30 अंक
3.	सामान्य अध्ययन: मात्रात्मक योग्यता – 10 MCQs तर्क क्षमता – 10 MCQs हरियाणा G.K एवं जागरूकता – 10 MCQs	30 MCQs	30 अंक
4.	विकल्प के अनुसार विषय विशिष्ट	60 MCQs	60 अंक
कुल			150 अंक